The same is the case with Agriculture insurance, the National Agriculture Insurance. It is the single insurance. No company will survive with a single business. They must have been allowed all agriculture related insurance like horticulture or, maybe, animal husbandry or fisheries etc. So, all these issues should be addressed. As regards the national agriculture insurance, comprehensive insurance, is a must. The multiple insurance, there should be multi-discipline.

At the same time, allow the technical transfer technology. It is also required for that. Without that, the increase in production per hectare will not be there. But the cost of production will be more. As on today, 157 per cent is the cost of production and as against this, realization is hardly 51 per cent. How the farmers will survive?

MR. CHAIRMAN : Please conclude.'

श्री बालासाहिब विखे पाटील (कोपरगांव) : चेयरमैन महोदय, इसीलिए वे सुसाइड कर रहे हैं। उन्हें जिन्दा रखने के लिए हमें कुछ न कुछ करना पड़ेगा और कुछ देना पड़ेगा। मैं आपका ज्यादा समय नहीं लेना चाहता हूं। किसानों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। मैं सिर्फ एक-दो समस्याओं के बारे में और कहना चाहता हूं। हमारी जो एग्रीकल्चर इंश्योरेंस है, उसके अन्तर्गत केवल 4 प्रतिशत किसान लाए गए हैं। इससे क्या होगा ? 51 प्रतिशत किसानों को पता ही नहीं है कि क्रॉप इंश्योरेंस क्या है। जब लोग इसके बारे में जानते ही नहीं हैं, तो वे इस योजना का लाभ कैसे उठाएंगे ? किसान के स्वीकृत ऋण में से कब आप इंश्योरेंस की प्रीमियम ऋण से काट लेते हैं उसे यह भी पता नहीं चलता है। इसलिए मैं गवर्नमेंट से कहूंगा that some training is required. I would request not to go for multi dynamic insurance like the tractor insurance, horticulture insurance. When you appoint evaluator for the rest of the areas, then why do you not go for the evaluator for crop cutting, etc.? एक साल के बाद किसान को पैसा मिलता है। एक साल के बाद वह क्या करेगा? He should get it within time, that is, two or three months. There should a time limit to get the crop insurance amount for that particular farmer.

MR. CHAIRMAN: Please conclude.

SHRI BALASAHEB VIKHE PATIL : Sir, I would request you to please allow me a few minutes. I have not spoken for the last one and a half year.

MR. CHAIRMAN: You have already taken 20 minutes.

SHRI BALASAHEB VIKHE PATIL : Only today I have spoken from my party. I have not wasted a single minute in the House. Please bear with me for some time.… (*Interruptions*)

श्री मोहन सिंह (देवरिया) : आप किसानों की समस्या किसान की भाा में बोलिए। जिस भाा में आप बोल रहे हैं, उस भाा को किसान समझ नहीं रहा होगा कि आप उसके लिए क्या बोल रहे हैं।

श्री बालासाहिब विखे पाटील (कोपरगांव) : मैं किसानों की भाा में बोलने का प्रयास कर रहा हूं। अब मैं किसान क्रेडिट कार्ड के बारे में बताना चाहता हूं।

MR. CHAIRMAN: Please conclude. You need not answer Shri Mohanji.

SHRI BALASAHEB VIKHE PATIL (KOPERGAON): If you do not allow me to speak, then I have no hesitation in sitting down also.

महोदय, मैं बताना चाहता हूं कि कितने परसेंट किसान, किसान क्रेडिट कार्ड का उपयोग कर पा रहे हैं। देश में केवल एक प्र ातिशत किसान हैं, जो किसान क्रेडिट कार्ड का उपयोग कर रहे हैं। किसानों को सिर्फ क्रेडिट कार्ड दे दिए गए हैं, लेकिन कार्यान्वित नहीं किया गया है। जब क्रेडिट कार्ड का उपयोग नहीं किया जा रहा है, तो खाली देने से क्या होगा।

महोदय, हमने कल भी, प्रधान मंत्री जी को लिखकर दिया है। अभी हमें केवल 42 के करीब संस्था का क्रेडिट रहा है। Sir, 42 per cent is for institutional credit only and 58 per cent is from the non-institutional credit. What does this non-institutional credit mean? It is moneylenders. In this 42 per cent, Gujarat, Maharashtra and Karnataka hold more than 55 per cent. In Maharashtra, it is 61 per cent just because of cooperative. But during the last two years, the cooperatives are also declining due to drought and defaulters. Now, what about the drought? What are the packages? The Government should think of some packages. सरकार की ओर से किसानों को पैसे देने का जो कार्यक्रम चल रहा है, वह ठीक नहीं है। सरकार किसानों को अछूत समझती है। माफ कीजिए, किसानों को अछूत नहीं समझना चाहिए। इसके लिए सरकार को बजट रखना पड़ेगा और हस्तक्षेप करना पड़ेगा और किसानों को पैसा देना पड़ेगा। किसानों की 4 प्रतिशत ग्रोथ होने के बाद ही हमारी ग्रोथ रेट 10% बढ़ेगी।

MR. CHAIRMAN: Please conclude.

SHRI BALASAHEB VIKHE PATIL : Please bear with me two-three minutes. अभी हमारी 8 प्रतिशत ग्रोथ रेट जिसमें कृषि की सिर्फ 2 प्रतिशत ग्रोथ रेट है[rpm45]।

हमारी अभी 10 परसेंट ग्रोथ रेट ज्यादा कृषि उपज नहीं होने के कारण है , जबकि अभी कृषि उपज में 64 परसेंट तो हमारा एम्पलायमेंट है और खाली 22 परसेंट जी.डी.पी. में हिस्सा है। मैन्युफैक्चरिंग में खाली चार परसेंट लोग मैन्युफैक्चरिंग में एम्पलायड हैं।...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN : Please conclude. There are nine speakers from your party.

SHRI BALASAHEB VIKHE PATIL : I know of it. They asked me to speak. Of course, some Members from Maharashtra may sacrifice their time. I do agree with you about time constraint.

MR. CHAIRMAN: If you do not conclude, shall I cut short the time of your allies? So, please conclude.

SHRI BALASAHEB VIKHE PATIL : I do agree with you. Sir, you are talking about coconut. What is the situation regarding coconut? What about spices and coffee? How is their business now? कोकोनट के बारे में आज क्या हालत है, आप जानते हैं। हम उसका इम्पोर्ट भी कर रहे हैं तो हमारी एक ऐसी नीति हो...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: I know that it is such a subject that you cannot conclude it so quickly. However, I would request you to conclude.

श्री बालासाहिब विखे पाटील : आखिरी एक विनती मैं यह कर रहा हूं कि हम हमेशा यह कहते हैं कि इतनी उपज हुई है। मंत्री जी, हमें उपज से कोई लेना-देना नहीं है, हमको यह चाहिए कि किसान की कितनी तरक्की हुई। अगले बजट में या रिपोर्ट में यह हो जाये कि खेती की तरक्की के साथ किसान की तरक्की कितनी हुई। किसान की तरक्की नहीं हो रही है और देश की तरक्की हो रही है। परिणाम 139 जिलों में नक्सलाइट्स आ गये हैं और It is spreading like a wild fire. हवा जैसे फैल रहे हैं, क्यों? किसान के बेटे, खेत मजदूर के बेटे उसमें हैं। यह क्यों हो रहा है, क्योंकि उसमें उनकी कोई तरक्की नहीं हो रही है। इसीलिए मैं कह रहा हूं...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: Hon. Member, please conclude now so that I can call the next speaker.

SHRI BALASAHEB VIKHE PATIL : I do agree with you. Within a minute, I am concluding. I do respect you very much. सभी एक तरह से हाथी जैसा हो रहा है, जो भी हम देखेंगे, उसमें कुछ न कुछ हमको मिलता है। सरकार कुछ कर रही है, यह हम मानते हैं। My point is this. I must tell something about the sugar package. The sugar package is a good package which the Government has given. But there is need to improve it further. Some negative networth are there. The affected units gave me this. Some good things are already there. But like a corporate sector, they are also very much sad. उसी हिसाब से किसान को कुछ न कुछ...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: You have to conclude now.

श्री बालासाहिब विखे पाटील : मैं एक मिनट में बता रहा हूं। मेरे जिले में 45 गांव ऐसे हैं, जिनमें पिछले 20 साल से उनकी आमदनी 25 पैसे से कम है, वे कैसे जीते होंगे। जितने चितली गांव है, साहब चितली को जानते हैं, आठगांव, गोमलगांव करके गांव है, साहब उस गांव को भी जानते हैं। हमारे जिले में 600 गांव ऐसे हैं कि 10 साल से ज्यादा उनकी आमदनी 50 पैसे से कम है तो लोग कैसे जीते होंगे। लेकिन बात यह है कि उनका माइग्रेशन हो रहा है, लोग एजीटेशन भी कर रहे हैं, लेकिन एजीटेशन करने के लिए वे लाचार हैं, क्योंकि वे मजदूरी कर रहे हैं, किसान नहीं रहे हैं। वे तो खेत मजदूर भी नहीं रहे हैं। वे इतने लाचार हैं कि कहीं भी जाकर कुछ भी काम कर लेते हैं।

इसलिए इसमें मुझे आपसे उम्मीद है कि एग्रीकल्चर में ज्यादा इन्वेस्टमेंट करके यू.पी.ए. गवर्नमेंट से, प्रधानमंत्री जी से और यू.पी.ए. की चेयरपर्सन से भी मैंने बात की, उनका भी कहना है कि किसान के लिए सब लोग अच्छी बात तो कर रहे हैं, लेकिन उसका परिणाम भी अच्छा निकलना चाहिए।

मैं दोबारा अच्छे काम के लिए, जो शुगर पैकेज दिया और कोआपरेटिव के लिए 1500 करोड़ रुपये की धनराशि दी, कम सूद का ऋण देने का प्रोवीजन किया, लेकिन इसके अलावा जो व्यवहार पीड़ित हैं, रैनफेड एथॉरिटी, इन्श्योरेंस में सुधार और डेब्ट रिलीफ फंड की हमें तुरन्त जरूरत है, उसके बगैर हम आगे नहीं बढ़ सकते। डेट रिलीफ फंड से सूखे इलाकों के किसानों को रिलीफ जैसे ब्याज पूरा माफ करना जरूरी है। जैसे कार्पोरेट सेक्टर में वेवर होता है वैसे ही किसानों को भी डेब्ट रिलीफ फंड बनाने से लाभ मिलेगा।

इसी के साथ मैं उम्मीद करता हूं कि कुछ न कुछ जवाब दें, बजट का भी मैं समर्थन करता हूं और जो कुछ बातें मैंने कहीं, निजी तौर पर भी कहीं कि इस बजट में कई कमियां हैं तो उनका उत्तर देने की कोशिश करें।

श्री गिरधारी लाल भार्गव (जयपुर) : महोदय, राजस्थान में भयंकर वर्ा, ओलावृटि के कारण से लगभग 2 अरब धनराशि का नुकसान हुआ है। सरसों, गेहूं, जों, चना, मसूर की खड़ी खेती बरबाद हो गयी है। राजस्थान में पड़ी खेती भी बरबाद हो गयी है और उनका मूल्य कम हो गया है। कृाि बीमा योजना में सम्पूर्ण गांव को नुकसान ही इकाइ नहीं माना गया है। केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि एक टीम भेजकर नुकसान का आंकलन लगाकर किसानों को पूरा मुआवजा दिया जाये। राज्य सरकार भी अपने साधनों से मदद कर रही है, परन्तु राज्य सरकार की धन की सीमा है।

कुओं पर शीघ्र विद्युत कनैक्शन दिया जाये। किसानों को सस्ते दर पर बैंकों से बिना भेदभाव किए कर्जा मिले और उसकी रेट भी स्स्ती हो। वर्ा का जल खेती के लिए बचाया जाये। खेत में एक पोंड बनाया जाये, इसमें सरकार मदद करे जिससे वर्ा का पानी एकत्रित किया जा सके।

सरसों की खरीद के भाव तय किये जाये और खरीदने के लिए केन्द्र बनाये जायें। आज तक यह व्यवस्था और भाव तय नहीं हुए हैं। किसानों को 8 घंटे की विद्युत पूर्ति की जाये। इस विद्युत पूर्ति के लिए पड़ौसी राज्यों से राजस्थान को विद्युत दिलवायी जाये। खेती के लिए ड्रिप सिस्टम को बढ़ाया जाये और इसके लिए अनुदान राशि बढ़ायी जाये। किसानों को समय पर अच्छे बीज और रसद उपलब्ध कराया जाये।

---

* The speech was laid on the Table.

SHRI SUDHANGSHU SEAL (CALCUTTA-NORTH WEST): Mr. Chairman, Sir, while supporting the Demands for Grants of the Ministry of Agriculture for the year 2006-07, I would like to make certain points. I would request the hon. Minister to reply to those points at the time of his summing up.

I would like to say that this Budget has failed to address many vital problems faced by the common man, particularly the peasantry and the unemployed people[R46]. It is inadequate to meet the goals outlined in the National Common Minimum Programme. Sir, the reduction in the short-term interest rate for farmers and the proposed increase in the farm credit are welcome measures. But, these are limited in relation to the magnitude of the problems. Most of the recommendations of National Commission for Farmers have been ignored.

14.15 hrs. (Shri Balasaheb Vikhe Patil *in the Chair*)

Allocations have been reduced for food subsidy instead of extending coverage of the Public Distribution System in the context of the growing number of hunger deaths across the country. There is no concrete proposal to put an end to farmers' suicide and unemployment. There is no creation of a price stabilization fund for agricultural commodities and extension of crop insurance to all farmers and crops. As regards the outlook for agriculture, the economic survey for 2005-06 says that the prospects for the year look reasonably bright because of the good monsoon. But, it also draws attention to the fact that in order to exploit high potential for growth in emerging areas such as horticulture, floriculture, organic farming, genetic engineering and food processing among others, the development of rural infrastructure, rural extension service and agro-based and food processing industries is essential. Sir, as you know that more than 70 per cent of our people in India are rural based. They mainly meet up their livelihood to some extent by engaging themselves in producing various types of agri-horticultural products and other items in their respective villages.

Sir, in the age of liberalisation, privatisation and globalisation, we are getting continuous threats of the capitalist countries. They want to grab the entire global market by their products and their target is always the countries like us. They are doing it for their survival. For our survival, we will have to utilize the huge manpower available in our country. The soil condition and the climatic condition is very much favourable to produce various types of products, which are conforming to the international standards and it is a job oriented sector. For the last three years, we are regularly sending different floriculture products in the global market from West Bengal and from other States also it is being sent. But, we do not have the buffer infrastructure. Hon. Minister knows it that to have the cool chain is the primary condition for doing the floriculture business. We need to have a number of multipurpose cold storages throughout the country for the interest of lakhs and lakhs of growers who are producing it but cannot preserve it due to non-availability of the infrastructure. The items are perishable. So, if we do not preserve it in cold storage, then it is simply spoiled otherwise. It is learnt that out of the total production, 70 per cent is being wasted due to non-availability of the required infrastructure. So, I would urge upon the Government to please consider this issue seriously. Now, Sir, our hon. Prime Minister, Dr. Manmohan Singhji is correctly saying that we should give priority in exporting agricultural products. But, how will we do it? Where is the infrastructure? While sending potatoes from West Bengal to different Asian countries, we have to import refrigerated containers from Germany. It is really a shame for us. Even after 58 years of independence, we do not have the refrigerated containers in our country. On several occasions earlier, I have met hon. Agriculture Minister and also met our Commerce Minister. They are aware of the fact and I am thankful to our hon. Minister that he has taken keen interest to resolve this issue[a47].

Sir, when we are sending our vegetables or potatoes or flowers or fruits, our experience is that all the giant countries like America, Australia, Holland etc. are providing transport assistance to all their growers. In our country also, the matter was referred to our hon. Agriculture Minister and in the case of potato he was kind enough to sanction transport assistance to compete with these giant suppliers. But the transport assistance was given for only one year which is going to end by 31st March.

Sir, what is our experience? Our experience is that our potato is the best in the world. Earlier, countries like America, Australia, Holland etc. used to supply it to other countries. Still they are supplying it, but when the buyers get our potato, they say that it is the best in the world. So, I would request the hon. Minister that the transport assistance which has been provided to potato growers, as an innovative scheme, under macro mode account, from the fund allocated to the State Governments, should be continued. Since we have started getting bulk orders, we need to have the support from the Central Government. So, I would request the hon. Minister to extend the transport assistance at least for another two years. We are confident that, if it is extended for another two years, by that time we would be in a position to establish our potato in the global market in such a way that we can compete with any country with our produce. The same is the case with flowers.

I would like to bring to the notice of the hon. Minister another problem associated with the storage facility for potato. Potato is a one-time crop. The growers want to store potato in cold storage immediately

after getting their crop. The banks are providing financial assistance for this and a rate has been fixed for this which is Rs. 161 per 50 kg. whereas the market price is Rs. 230 per 50 kg. I had a talk with different bank authorities. They are saying that they cannot increase it since the Government has fixed the rate. But to ensure supplies and to ensure preservation of large quantity of potatoes for export and also for domestic use, I think, the hon. Minister should take up the matter with the bank authorities and see that the farmers get more credit from banks and he should also see that the rate is enhanced from Rs. 161 per 50 kg. which was fixed long back. I think it should be fixed at Rs. 240 per 50 kg. Then only the growers will get some benefit.

As far as fruits are concerned, we are grateful to our hon. Minister that last year, for the first time, he organised an Indian Mango Fair at Singapore and the response was very good. We are very much encourage by this and we are hopeful that we would be in a position to export substantial quantity of mangoes and other fruits to different countries.

Sir, what is the need of the hour? The need of the hour is that the Government should build infrastructure for proper storage of our fruits and the Government should also extend support for export. We are supplying 28 varieties of vegetables to different countries. But our experience is that there are some anomalies in air freight. Though this is not the concern of the hon. Agriculture Minister, I would request that these anomalies should be removed to help our farmers who want to export these vegetables.

MR. CHAIRMAN : Kindly conclude.

SHRI SUDHANGSHU SEAL : I will conclude.

I would like to submit that export of agricultural products would be successful in our country only if we are equipped with international standard packaging. In packaging, we are lagging behind other countries. The Government should take an initiative to improve packaging. There should be a unit in all the States and we should have foreign expertise so that our growers and entrepreneurs can have international standard export packaging system. The Government should extend support to them so that whatever end product is sent to different countries, it conforms to international standard[k48].

Lastly[r49], I would like to draw the attention of the hon. Minister that there is huge potentiality in terms of supplying vegetables, fruits, potatoes and other items. But what we find is that we do not have sufficient cold-storage facilities and we do not have sufficient infrastructure. So, I believe the hon. Minister will look into this as it would ultimately help lakhs and lakhs of growers in India.

प्रो. राम गोपाल यादव (सम्भल) : सभापति महोदय, कृषि विभाग की अनुदान की मांगों पर चर्चा के संबंध में मैं आपके माध्यम से माननीय कृषि मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा। यह बात सभी लोग जानते हैं और आपने अभी अपने वक्तव्य में भी कहा कि देश के सत्तर फीसदी से ज्यादा लोग खेती पर निर्भर हैं और लगभग 63 प्रतिशत लोगों को रोजगार खेती या उससे जुड़े हुए उद्योगों से मिलता है। इसके बावजूद खेती और किसानों की तरफ जो ध्यान दिया जाना चाहिए, वह नहीं दिया जाता। हालांकि इस बार जब बजट प्रस्तुत हुआ था तो अगले ही दिन हिन्दुस्तान भर के अखबारों में यह कहा गया कि किसान पर धन की वर्षा हुई है। लेकिन असलियत क्या है कि एलोकेशन बढ़ने के बाद भी पिछले साल की तुलना में टोटल प्लान बजट जो गवर्नमेंट ऑफ इंडिया का है, उसमें डिपार्टमेंट ऑफ एग्रीकल्चर एंड कोआपरेशन का हिस्सा 1.98 प्रतिशत जो पिछले वर्ष था, वह घटकर 1.89 प्रतिशत रह गया है। इसी तरह से डिपार्टमेंट ऑफ एग्रीकल्चरल रिसर्च एंड एजुकेशन तथा आईसीएआर में पिछले वर्ष .54 प्रतिशत था जो घटकर इस वर्ष .53 प्रतिशत रह गया है। इसी तरह से डिपार्टमेंट ऑफ एनीमल हस्बैंड्री एंड डेयरी एंड फिशरीज में पिछले वर्ष .31 प्रतिशत से घटकर इस वर्ष .30 प्रतिशत रह गया है। यह शब्दों की बाजीगरी से काम नहीं चल सकता। यथार्थ में किसान को क्या मिल रहा है, इसकी तरफ जाना होगा।

यह जोर दिया जाता रहा है कि किसानों को क्रेडिट फ्लो बहुत बड़े पैमाने पर हो रहा है। मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि यह जो ऋण है, यह ऋण ही किसानों को आत्महत्या करने के लिए विवश करता है। इस बार शॉर्ट टर्म लोन की इंटरेस्ट रेट भले ही 7 प्रतिशत कर दी गई है लेकिन हम लोगों ने फील्ड में जाकर देखा है और लोगों से बात की थी कि पिछले वर्ष तक 9 प्रतिशत से लेकर 15 प्रतिशत तक दर रखी गई है और उस पर कम्पाउंड इंटरेस्ट लगता है। आप अच्छी तरह से जानते हैं कि कर्ज किसान दे नहीं पाता है और जब वह गिरफ्तार करके ले जाया जाता है तो उसके ले जाने का, उसके खाने-पीने का सबको किसान के साथ ही जोड़ दिया जाता है।

अगर कोई अपराधी जेल भेजा जाता है तो उससे कोई पैसा नहीं लिया जाता है, लेकिन अगर किसी किसान को पकड़ कर जेल ले जाया जाता है तो उसको पकड़ने और ले जाने के लिए प्रयोग की गयी गाड़ी में लगने वाले पेट्रोल या डीजल का खर्च, खाने-पीने का खर्च, सब कुछ जोड़ कर किसान से वसूल किया जाता है। इसकी वजह से किसानों के सामने एक बड़ा संकट रहता है। मैं आपके माध्यम से यह भी कहना चाहूंगा कि अंग्रेजों के जमाने में भी एक कानून बना था कि अगर कोई किसान कर्ज लेता है तो उसकी जमीन की नीलामी नहीं होगी। जिससे किसान को रोजी-रोटी मिलती है, अगर वही नीलाम हो जाएगी तो वह कभी भी सर्वाइव नहीं कर सकता है। इसलिए यह मेरा सुझाव और मांग है कि किसानों पर आप जो इन्ट्रेस्ट लगाते हैं, वह इन्ट्रेस्ट किन्ही भी परिस्थितियों में मूल धन से ज्यादा नहीं होना चाहिए। अगर वह 10,000 रूपए ऋण लेता है और उसकी अदायगी नहीं कर पा रहा है तो उस पर ब्याज की अधिकतम सीमा इस मूल धन से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। इसकी मांग लोग लगातार करते आ रहे हैं।

महोदय, एक बहुत बड़ी समस्या यह है कि हमारे यहां जो जमीन है, जिस पर बुआई होती है, वह लगभग 17.3 मिलियन हेक्टेअर है जो देश के कुल भौगोलिक क्षेत्र का 46 प्रतिशत है। साथ ही 23 मिलियन हेक्टेअर जमीन ऐसी है जिस पर कुछ भी नहीं होता है, वह बंजर है। जिस जमीन पर बुआई होती है उसका भी मात्र एक-तिहाई हिस्सा सिंचित है और शेा दो-तिहाई हिस्सा असिंचित है। इसलिए अगर सिंचाई की व्यवस्था हो जाए और बंजर जमीन को खेती योग्य बनाने के लिए कोई योजना चलाई जाए तो हम न केवल आत्मनिर्भर हो सकेंगे बल्कि दुनिया के दूसरे देशों को भी अन्न दे सकते हैं और खाद्य पदार्थ उपलब्ध करा सकते हैं।

मैं आपके माध्यम से यह बताना चाहता हूँ कि उत्तर प्रदेश सरकार ने बंजर जमीन को खेती योग्य बनाने के लिए "भूमि सेना" नामक एक योजना शुरू की है। इस योजना के अन्तर्गत उस भूमि के सुधार पर जितना भी खर्च आता है, जो भी इनपुट उस भूमि को ठीक करने के लिए लगाया जाता है, वह सब सरकार देती है। जिस व्यक्ति को वह भूमि एलॉट की जाती है, वह उस पर काम करता है और काम करने के बदले में उसे 60 रूपए प्रतिदिन के हिसाब से पैसा दिया जाता है। जब वह भूमि खेती योग्य हो जाती है तो उस काम करने वाले व्यक्ति को ही वह जमीन दे दी जाती है। अगर इस तरह का कोई इन्सेंटिव किसानों के लिए हो तो देश में जो बड़े पैमाने पर बंजर जमीन पड़ी है, उसे खेती योग्य बनाया जा सकता है और किसानों की बहुत बड़ी समस्या हल हो सकती है।

14.33 hrs. (Shri Varkala Radhakrishnan in the Chair)

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान नेशनल एग्रीकल्चरल इंश्योरेंस स्कीम की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ कि अभी इसके तहत ब्लॉक को एक यूनिट माना गया है। इसे गांव स्तर तक ले जाने की आवश्यकता है वरना इसका लाभ किसानों को नहीं मिल पाता है। अभी ललितपुर में एक जगह पर दो ब्लॉक्स के आधे-आधे हिस्सों में फसल पूरी तरह नट हो गयी। लेकिन जब तक

पूरे ब्लॉक की फसल नट न हो गयी हो, किसानों को इस स्कीम के अन्तर्गत लाभ नहीं मिल सकता है। इसलिए इस स्कीम को गांव स्तर तक लाने की आवश्यकता है।

जहां तक आईसीएआर अथवा डीएआरई का मामला है, यह आपका एक ऐसा विभाग है कि अगर इसको ठीक तरीके से मदद पहुंचाई जाए तो बहुत अच्छा काम हो सकता है। कई फसलों में हमारे आस-पास के देशों में प्रति हेक्टेअर उत्पादन हमसे ज्यादा है। अगर रिसर्च का पर्याप्त मौका मिले तो हम उपयोगी सीड्स और दवाइयां तैयार कर सकते हैं। लेकिन रिसर्च के क्षेत्र में भी एलोकेशन जितना होना चाहिए, उतना नहीं cè[R50] ।दुनिया के दूसरे देशों में भी, हमारी बगल में श्रीलंका है, वहां पर भी और लैटिन अमेरिकन देशों तथा ि वकासशील देशों में भी इस क्षेत्र में हमारे से दो-तीन गुना ज्यादा पैसा खर्च होता है। हमारे यहां बहुत कम हो रहा है। सबसे दुखद स्थिति यह है कि आईसीएआर में बड़े पैमाने पर स्टाफ की कमी है और 1400 वैज्ञानिकों की पोस्ट्स खाली हैं। वैज्ञानिकों का काम वैज्ञानिक ही कर सकते हैं, गैर-वैज्ञानिक नहीं कर सकता। अन्य विभागों में तो आप एक जगह से दूसरी जगह लोग ले जा सकते हैं, लेकिन जो रिसर्च का काम है, वह केवल साइंटिस्ट्स ही कर सकते हैं। जब इस बारे में पूछा जाता है तो हर बार यही बाधा आती है कि वित्त मंत्रालय अनुमति नहीं दे रहा है, जबकि यह देश की तरक्की से जुड़ा हुआ प्रश्न है। वित्त मंत्री जी को चाहिए कि यह जो पाबंदी है, new recruitment cannot be done. This bar should be removed in the Agriculture Department so far as ICAR is concerned because 1400 posts of scientists are lying vacant for the last so many years. I, as the Chairman of the Standing Committee on Agriculture, have been informed by the Officers of the Department … (*Interruptions*)

THE MINISTER OF FINANCE (SHRI P. CHIDAMBARAM): Posts of scientists are exempted. They can recruit. … (*Interruptions*)

प्रो. राम गोपाल यादव : 1400 पोस्ट्स खाली हैं। वित्त मंत्री जी कह रहे हैं कि वैज्ञानिकों की पोस्ट्स पर एक्जम्प्शन है। Now, I would like to request the hon. Agriculture Minister, through you, Sir, to kindly look into it and see that these vacancies are filled up as soon as possible.

मैं आईसीएआर के बारे में निवेदन करना चाहता हूं। हार्टिकल्चर वगैरह है, सुगंधित पुपों के बारे में मेरी विशेा रूप से राय है कि यह जो नई रिसर्च हो रही है, तमाम तरह के फूल और सुन्दर फूल देखने को मिलते हैं, लेकिन उनमें से खुशबू गायब हो रही है। बिना खुशबू के फूल का कोई अर्थ नहीं होता। जैसे रजनीगंधा इतना सुन्दर फूल है। लोग उसे लेकर आते हैं कि रजनीगंधा है, लेकिन शाम होते-होते उसकी खुशबू का पता नहीं लगता। मैंने नेशनल हार्टिकल्चर इंस्टीट्यूट से कहा कि आप इस तरह का शोध करें, जिससे फूलों में खुशबू बनी रहे, केवल देखने में ही फूल सुन्दर न हो। इसी तरह से गुलाब धीरे-धीरे बढ़िया आ रहा है, लेकिन खुशबू गायब हो रही है। इस तरह की रिसर्च का कोई ज्यादा अर्थ नहीं है। रिसर्च हो और उसमें इन सुगंधित पुपों की जो धीरे-धीरे सुगंध खत्म हो रही है, उसे बरकरार रखने की कोशिश की जानी चाहिए।

जहां तक एनिमल हसबैंड्री और डेयरिंग तथा फिशरीज का प्रश्न है, यह बहुत महत्वपूर्ण सेक्टर है. हम जानते हैं कि खेती में एक सीमा से ज्यादा पैदा नहीं हो सकता। आप चाहे जितना अच्छा बीज लगाएं, चाहे जितनी अच्छी खाद दें, लेकिन एक निश्चित सीमा से ज्यादा उसमें पैदा नहीं हो सकता। लेकिन यह ऐसा क्षेत्र है, जिसमें अपार सम्भावनाएं हैं। हालांकि इस वक्त भी दूध के क्षेत्र में हम सबसे आगे हैं, लेकिन बहुत सारी चीजें हैं जिनकी वजह से और प्रोसेसिंग न होने से दिक्कतें आती हैं। हालांकि वह कृाि मंत्रालय से अलग विभाग हो गया है। लेकिन वह अभिन्न रूप से इससे जुड़ा हुआ है, क्योंकि दो प्रतिशत से भी कम हमारे देश में प्रोसेसिंग हो पा रही है। इसलिए जो पैरिशेबल वेजिटेबल्स और फ्रूट्स हैं, हालांकि सही आकलन नहीं हो पा रहा है, लेकिन विभिन्न सोर्सेज से पता चला है कि सालाना 50,000 करोड़ रुपए के करीब ये सब्जियां और फल प्रोसेसिंग के अभाव में सड़ जाते हैं। हर साल हमें इतना बड़ा नुकसान होता है। इसके लिए जो फूड प्रोसेसिंग विभाग है, उसे ज्यादा फंड का एलोकेशन करके कुछ व्यवस्था करने की आवश्यकता है[R51]।

एक बात मैं दूध और मांस के बारे में कहना चाहता हूं। दूध और मांस से करीब-करीब उतना ही रैवेन्यू मिलता है जितना कि गेहूं, धान और गन्ना तीनों को मिलाकर रैवेन्यू मिलता है। इस पर भी ध्यान देने की जरुरत है। जो अमूल और मिल्क फूड है, इसकी मार्किट में रैपूटेशन है लेकिन दिल्ली मिल्क स्कीम का अब वह सम्मान मार्किट में नहीं है जो होना चाहिए। डीएमएस का जो हम दूध लेते हैं उसका स्वाद नहीं है

और उससे जो दही बनता है उसका स्वाद भी वैसा नहीं है जैसा दूसरे दूध से बनता है। इसकी तरफ भी ध्यान देने की आवश्यकता है।

एक बात मैं और कहना चाहूंगा जो एनीमल हस्बैंडरी और डेयरी से संबंधित है। अभी हाल में बर्ड-फ्लू का प्रश्न बड़े पैमाने पर आया और बड़े पैमाने पर मुर्गियों की हत्या की गयी। माननीय मेनका जी ने इस पर कोई एतराज नहीं किया। मैं एक बात कहना चाहता हूं कि जब से मुझे याद आता है तब से मुर्गियां जब भी मरती हैं तो एक साथ मरती हैं। यह जो हल्ला मचाया गया इसके पीछे इंटरनेशनल साजिश की बू आती है। एक कंपनी रोा जो बर्ड-फ्लू की दवा टेमीफ्लू बनाती है उसका लगा कि सारे लोग उससे दवा खरीदें। जब से मुर्गियों को मारा जाने लगा था, हमने तो टीवी देखना ही बंद कर दिया था। मैं सोच रहा था कि माननीय मेनका जी ने इस पर अपना बयान क्यों नहीं दिया?

श्रीमन्, आपने घंटी नहीं बजाई और मेरी बात ध्यान से सुनी, इसके लिए धन्यवाद। मैंने हमेशा आपके घंटी बजाने से पहले ही अपनी बात समाप्त कर दी है, इसलिए लम्बी बात नहीं करुंगा। इन्हीं शब्दों के साथ मैं माननीय कृाि मंत्री जी से आग्रह करुंगा कि जो मैंने सुझाव दिये हैं वे उन पर अमल करेंगे। महोदय, किसान देश की रीढ़ हैं और अगर किसान स्वस्थ नहीं रहेगा तो देश भी स्वस्थ नहीं रह सकेगा। इन्हीं शब्दों के साथ मैं बजट की अनुदान मांगों का समर्थन करता हूं।

SHRI AVINASH RAI KHANNA (HOSHIARPUR):Sir, The farmers of India is in great pitiable position that he is thinking of leaving this profession. I would like to point out about the farmer of Nadala, district Kapurthala, Punjab who committed suicide while sitting in the grains market and because je could not sell his paddy for 7 consecutive days and ultimately resorted to this ultimate step. I request that the farmers may be rescued from such situations. Providing more loans to farmers is not going to solve the problem but they should be freed from this cycle of loans and interests. Today, farmers are facing a number of problems like loan, electricity, water shortage, fertilizer shortae, seed shortage, adulterated seed and pesticides, marketing problems, pricing problems and many more.

The other important point I would like to draw your attention to is towards the Forests Act which was passed about a century ago and then Punjab Preservation Land Act was passed in 1900, the same continues to this day without any change, and by application of its provisions and clauses the farmer is not able to use his land in a manner they would like to do. Neither they can cut the tree planted on their land. About 470 village of kandi area are facing this problem. If they are not allowed to use their land in a way they want, they should be given compensation.

When the price of the wheat and paddy is fixed, the farmers participation must be assured. The water level is going down. In the year 1955 the water level was 34.8 MAF(million acre feet) but today it is 12.5 MAF and the minimum requirement is 36.5 MAF. Therefore, special provision and budget provisions are required to be made to meet water shortage.

The farmers do not get proper price because of lack of proper marketing faculties to the farmer. I request that proper attention is required to be paid for suitable marketing facilities to the farmers.

* The speech was laid on the Table.

In Punjab there is acute power shortage, the farmers who have applied for connection are in the waiting lists since 1992-93. It is 14.15 years long wait which is another cause that is increasing the problems of the farmer. The government should make provisions in this budget in order that the water and eelectricity problems of the farmers could be reduced.

The green revolution has had been missed. We have to think it more seriously. Today the farmer is opting suicide a better way than to be a farmer.

In short the problem can only be solved if the government shows courage to implement schemes like Farmers Income Insurance Scheme. When the farmer will be confident about his income he will work more hard to meet the challenges. If once for all the government commits and takes a decision to make the farmer debt-free, it will solve the problem of the farmers.

The decision to import whet at by the government has created unrest among the farmers. The import wheat by the government has created unrest among the farmers. The imported wheat will reach the crop of India right at a time when the harvest of Indian farmers will also reach market. Is our farmer in a position to compete with the foreign farmers that too in our domestic market is a question that needs to be decided.

श्री सीताराम सिंह (शिवहर) : सभापति जी, कृषि मंत्रालय की अनुदान मांगों का मैं समर्थन करता हूं। इस विषय पर चर्चा हो रही है और कई माननीय सदस्यों ने अपने बहुमूल्य सुझाव भी दिये हैं। यह बात सही है कि यह देश कृषि प्रधान देश है और सरकारी आंकड़ों के अनुसार देश की बहुसंख्यक आबादी कृषि पर निर्भर करती है और कृषि से ही बहुसंख्यक आबादी को रोजगार मिलता है। महोदय, जिस देश की अधिकतम जनसंख्या खुशहाल न हो, उसकी आर्थिक स्थिति अच्छी न cÉä[r52], मैं इस बात को समझ नहीं पा रहा हूं। हम सभी लोग कहते है कि देश तरक्की कर रहा है। महोदय, जब भी कृषि पर चर्चा होती है, यह बात मेरे मन से नहीं जाती है, यहां पर बैठे हुए हम सभी माननीय सांसद लोग किसान का बहुमत वोट लेकर इस सदन में आए हैं और बड़ी अच्छी बात हम भी करते हैं और सरकार भी करती है, चाहे कोई भी सरकार हो, मगर किसान के हित के लिए जो व्यवस्था होनी चाहिए और नीतिगत फैसला होना चाहिए, वह देखने को नहीं मिलता। मैं स्वयं किसान हूं। मुझे खुशी हे कि इस देश के कृषि मंत्री पवार साहब भी जाने-माने किसान हैं और किसानों के हित चिंतक हैं। मगर अभी जो बजट आया, उस बजट के बारे में गोपाल बाबू ने ठीक कहा है। आपने कहा कि हम सात प्रतिशत ब्याज पर ऋण देंगे। यह फैसला हम सभी लोगों को अच्छा लगा। किसानों के मन में भी यह बात गयी है, लेकिन व्यवहार में क्या होगा, इसे आगे भविष्य में देखना है। सहकारिता विभाग भी इन्हीं का है। जो सूद नहीं लेता, सूद का सूद और सूद दर सूद और इतना सूद कि उसके लिए सारी जमीन बिक जाती है। गोपाल बाबू ने बिल्कुल ठीक कहा कि उनको जमीन का व्यावहारिक ज्ञान है। इस देश में ऐसा कौन सा कानून है, जिस कानून में अकेले किसान से जेल में उसके भोजन का पैसा वसूल किया जाता है। जेल में किसी और से, यहां तक कि देशद्रोही से

भी भोजन का पैसा नहीं वसूल किया जाता है, सिर्फ किसान से ही भोजन का पैसा वसूल किया जाता है। पूंजीपति इस देश का अरबों रूपया लेकर बैठे हैं, उनके खिलाफ वारंट जारी नहीं होता, उसके घर पर पुलिस बहुत देर से जाती है, लेकिन किसान का बेटा यदि एक हजार रूपए को-आपरेटिव या ब्लाक से कर्ज लेता है, यहां पर किसान क्रेडिट की बात हो रही है, तो उसके घर पर 31 तारीख बीतने के बाद एक तारीख को पुलिस पहुंच जाती है। सौ रूपए और पचास रूपए पुलिस को घूस देते-देते उसका कर्ज भी नहीं सध पाता और वह कर्ज के बोझ से दबता जाता है। यह बात प्रमाणित हो चुकी है कि इस देश का किसान इसलिए आत्महत्या करता है, क्योंकि वह कर्ज का बोझ बरदाश्त नहीं कर सकता। कर्ज जरूरी है और आपको कर्ज देना भी चाहिए, लेकिन मात्र कर्ज दे देने से काम नहीं चलेगा। आप हर तरफ सोच रहे हैं, सोचते रहिए। खेत जोताई से लेकर, गुड़ाई से लेकर, सिंचाई से लेकर, बीज डालने से लेकर, फिर सिंचाई कर, खलिहान में फसल तैयार करने तक, जो किसान की लागत होती है, क्या वह सरकार को नहीं मालूम है? क्या सरकार उसे नहीं जानती है? क्या सरकार का अमला और पदाधिकारी इस चीज को नहीं जानते हैं? वे जानते हैं कि प्रति एकड़ जोताई कितना खर्च होता है? कितना बीज प्रति एकड़ लगता है? कितना खाद लगता है? क्या सिंचाई की व्यवस्था है? अगर सरकार सिंचाई की सुविधा नहीं दे रही है, तो किसान अपनी मेहनत से पंप-सेट लगाकर डीजल से इस काम को करता है। इसमें कितना खर्च होता है? जब सरकार सब जानती है, तो सरकार किसानों को लाभकारी मूल्य क्यों नहीं देती हैं? इस देश में एक नट बनाने वाली फैक्टरी का मालिक, स्वयं अपने सामान का दाम तय करता है, पान का दुकानदार अपने पान का दाम स्वयं तय करता है, मगर किसान जो अपने खून और पसीने से अनाज को पैदा करता है, उसको अपनी फसल का दाम तय करने का कोई अधिकार नहीं है, उसे सरकार तय करती है। वह व्यापारी तय करता है। किसान का बेटा उसको तय नहीं कर सकता है। इस देश में यह कैसा कानून है? यह कैसी कृषि नीति है? राज्य सरकारों को तो पता ही नहीं और दिल्ली की सरकार भी कृषि नीति के मामले में फेल्योर है[c53]।

सिद्धान्त और नीतियां ठंडे कमरों में बन रही हैं और जमीन पर लागू नहीं हो रही हैं। महोदय, मैं साफ कहना चाहता हूं कि आपने जो काम किया, ठीक बात है लेकिन आज जरूरत इस बात की है कि उसे जमीन पर भी लागू किया जाए। सरकार एक फैसला करे कि किसानों को उपज का लाभकारी मूल्य दिया जाएगा। मैं समझता हूं कि इससे किसानों की 80 प्रतिशत समस्या का समाधान हो जाएगा। किसान कहते हैं कि जो खर्चा हो रहा है, उसे आप देखिए, उसके हिसाब से कीमत तय करिए तथा हमें लाभकारी मूल्य दीजिए। उससे हमारे बाल-बच्चे भी खाएंगे और व्यापारी लोग चाहे उसका दुगना बनाएं, हमें कुछ नहीं कहना है।

महोदय, मैं कहना नहीं चाहता था लेकिन किसान की फसल अभी खेत में है। माननीय कृषि मंत्री जी ने कहा कि हम गेहूं आयात करेंगे। यह कौन